RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : मंगलवार 16 अप्रैल 2024 वर्ष 05 अंक 355 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बोल...

# कांग्रेस का घोषणापत्र महज कागज का टुकड़ा

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणापत्र ''महज कागज का टुकड़ा'' है और उन्होंने दावा किया कि पार्टी उन राज्यों में वादे पूरे करने में नाकाम रही है जहां वह सत्ता में रह चुकी है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए पांच अप्रैल को अपना घोषणापत्र जारी किया था जिसमें उसने जाति आधारित जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने तथा चुनावी बॉण्ड, राफेल एवं पेगासस जैसे 'भ्रष्टाचार के मामलों' की जांच कराने का वादा किया।



पार्टी ने अपने 45 पृष्ठों के घोषणापत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया जो न्याय के पांच स्तंभों और उनके तहत 25 गारंटी पर केंद्रित है।नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में फडणवीस ने कहा, ''कांग्रेस का घोषणापत्र एक नाकामी है और उस पार्टी के लिए महज कागज का टुकड़ा है। पार्टी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता में रही लेकिन कभी अपना घोषणापत्र लागू नहीं किया। वह हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में सत्ता में है लेकिन अपने वादे पूरे नहीं कर पायी है।'' उन्होंने अग्निपथ योजना रद्द करने के वादे को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा के घोषणापत्र में रोजगार और युवाओं से जुड़े मुद्दे नदारद रहने के बारे में पूछने पर फडणवीस ने कहा कि पार्टी का घोषणापत्र और अधिक स्टार्टअप, बुनियादी ढांचा, डिजिटल बुनियादी ढांचा और कृषि तथा सहकारी क्षेत्रों में अधिक निवेश को प्रोत्साहन देने के बारे में बात करता है।

# बीजेपी को 400 पार नहीं देश की जनता सीधा तडीपार करेगी - आदित्य ठाकरे

## युवा वर्ग अमोल भईया को विजय बनाकर बदलाव लायेंगे

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** मुंबई गोरेगावों एमजी रोड़ के आजाद मैदान मे युवाओं को सही मायने मे प्रदेश ही नहीं बल्की देश भर मे। बदलाव लाने के लिए कमर कस ली है। जिसके लिए आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर युवाओं ने अमोल भईया को विजय बनाकर समाज मे बदलाव लायेंगे।




इसकी के साथ ऐसा प्रतिपादन करते हुए शिवसेना युवा प्रमुख आदित्य ठाकरे मंच पर से उपस्थित युवाओं के जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा की केंद्र सरकार से भाजपा को तडीपार कर इंडिया गठबंधन सत्ता मे आयेगा। उल्लेखनीय तौर पर दक्षिण भारत ने भाजपा व नरेंद्र मोदी के लिए पहले से ही दरवाजे बंद कर दिये है। केरला, तामिलनाडु , करनाटक, अंधरा प्रदेश जैसे प्रदेशों से बीजेपी आने देने के लिए सभी दरवाजे बंद कर दिये है। तो फिर मै पूछता हूँ की यह 400 कहाँ से चाँद पर से लायेंगे ? आदित्य ठाकरे ने मंच पर से दहाड़ते हुए की जो मेरे पिता के जमाने मे हो गया वो कभी इन गद्दारों से कोई वफा की उम्मीद नहीं कर सकता है। आज भी लोग मुझे कहते है धन्यवाद, मै पूछता हूँ उनसे की आप मुझे क्यों धन्यवाद कर रहे हो न तो मै कोई मंत्री हूँ न कुछ.. आम मुंबई कर जनता कहती है की आपके पिता ने अस्पतालो मे समय पर स्वस्थ व्यवस्था ऑक्सीजन सिलिंडर, बेड की व्यवस्था करवाकर हमारी जिंदगी बचाई है।

# मुस्लिम वोटर्स को लुभाने की कोशिश में उद्धव ठाकरे,

## कहा- पहले जो हुआ, उसे भूलकर मेरा साथ दीजिए



**मुंबई:** लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र की सियासत से बड़ी खबर सामने आई है। उद्धव ठाकरे मुस्लिम वोटरों को लुभाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे की नजर मुस्लिम वोटर्स पर है। बालासाहेब ठाकरे द्वारा बनाए गए शिवसेना मुख्यालय 'सेनाभवन' में मुस्लिम समाज के कई वर्ग शामिल हुए हैं, जिसमें उद्धव ने मुस्लिमों से बात की है। इस बैठक में बरेलवी, देवबंदी, अहले हदीस सहित मुस्लिम समाज के कई वर्ग शामिल हुए।

**ठाकरे ने मांगा मुसलमानों से साथ**

ठाकरे ने मुस्लिम वर्ग के लोगों से कहा कि पहले जो हुआ, उसे भूल जाइए। देश और संविधान को बचाने के लिए मेरा साथ दीजिए। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में 12 फीसदी मुस्लिम आबादी है। बैठक के बाद मुस्लिम समाज के लोगों के साथ चौपाल भी बैठी। बैठक में उद्धव ठाकरे ने कई मुद्दों पर बात की और संविधान और देश को बचाने के लिए साथ देने की अपील की। ठाकरे ने कहा कि इसके पहले जो कुछ हुआ, उसे भूल जाइए। इसमें कहा गया कि महाराष्ट्र का मुसलमान उद्धव ठाकरे के साथ है। उद्धव ठाकरे के एहसान को चुकाने का वक्त आ गया है। मुसलमान एहसान फरामोश कौम नहीं है। मुसलमान ठाकरे के अहसान की पाई पाई चुकायेगा।

# भायंदर में स्लैब गिरने से दो की मौत, एक गंभीर रूप से घायल...

**भयंदर:** भयंदर में एक घर में मरम्मत कार्य के दौरान स्लैब गिरने से एक ठेकेदार और एक मजदूर की मौत हो गई. मृतकों की पहचान हरिराम चौहान (55) और माखनलाल यादव (26) के रूप में हुई है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है. भयंदर पूर्व में 'श्री नाथ ज्योति' बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले विनय कुमार त्रिपाठी के घर में आंतरिक मरम्मत का काम किया जा रहा है।

इस काम का ठेका उन्होंने हरेराम चौहान को दिया. इसी बीच रविवार सुबह करीब 10:30 बजे जब यह काम चल रहा था, तभी किचन में पानी की टंकी से सटी दीवार का स्लैब




अचानक गिर गया. ठेकेदार हरिराम चौहान और मजदूर माखनलाल यादव और आकाश यादव मलबे में दब गए। इसकी सूचना जैसे ही नगर निगम अग्निशमन विभाग को मिली, जवानों ने तीनों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया. लेकिन डॉक्टर ने बताया कि इसमें हरिनाम चौहान और माखनलाल यादव की मौत हो गयी. आकाश यादव गंभीर रूप से घायल हैं और उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है. इस घटना के बाद एक बार फिर शहर में खतरनाक इमारतों का मामला सामने आ गया है.

**संरचनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश.**

भायंदर में इमारत का स्लैब गिरने की घटना के बाद मनपा प्रशासन की नींद खुली है. इस घटना वाली इमारत पांच मंजिला है और काफी पुरानी है। इसलिए, मीराभाईंदर नगर निगम के आयुक्त संजय काटकर ने इमारत की संरचनात्मक रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया है।

# स्विमिंग पूल में डूबने से स्कूली छात्रों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत



**नवी मुंबई:** नवी मुंबई के वाशी स्विमिंग पूल में एग्नेल स्कूल का 17 वर्षीय छात्र स्विमिंग पूल में डूब गया. इस मामले में पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. मृतक छात्र का नाम मयूर धमाले है. वह नेरुल में रहता है और फादर एग्नेल स्कूल में 11वीं में पढ़ रहा था। आज दोपहर करीब एक से डेढ़ बजे के आसपास स्पोर्ट्स क्लास में स्विमिंग ग्रुप (बैच) को तैराकी सिखाई जानी थी। इसके लिए छात्रों को स्विमिंग पूल में उतारा गया. इसमें कई लोग तैर सकते थे, लेकिन विभिन्न तैराकी प्रतियोगिताओं के लिए तैराकी का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। लेकिन पानी में उतरा मोर गहरे पानी में चला गया और वहीं डूब गया। जब तक उसे इस बात का एहसास हुआ, वह अपना विवेक खो चुका था। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. इस संबंध में लापरवाही से मौत की बात सामने आयी है.

# महाराष्ट्र के जालना में व्यक्ति ने तीन बच्चों को कुएं में फेंककर मार डाला

**जालना :** महाराष्ट्र के जालना जिले के एक गांव में एक व्यक्ति ने अपनी दो बेटियों और 12 वर्षीय एक बेटे को कुएं में फेंककर कथित तौर पर मार डाला। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी संतोष धोंडीराम तकवाले ने रविवार को पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



अधिकारी के मुताबिक, तकवाले ने अपने बेटे सोहम और बेटी शिवानी (आठ वर्ष) व दीपाली (सात वर्ष) को शनिवार को अंबाद तहसील के डोमेगांव गांव में स्थित एक कुएं में कथित तौर पर फेंक दिया। अंबाद थाने के निरीक्षक रघुनाथ नाचन ने बताया कि मरने वाले बच्चे तकवाले की पहली पत्नी के थे, जिसकी मृत्यु हो गयी थी और आरोपी ने दूसरी शादी कर ली थी। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अपराध के मकसद का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।



# संपादकीय / लेख



## जीएसटी सुधार को प्राथमिकता...

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

बीते दशक के सबसे महत्त्वपूर्ण सुधारों की बात करें तो वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार उनमें से एक है। बहरहाल, कई वजहों से इसका प्रदर्शन शुरूआती अनुमानों की तुलना में कमजोर रहा और अर्थव्यवस्था को इससे उतना लाभ नहीं मिला जितनी कि कल्पना की जा रही थी। हाल के वर्षों में कर संग्रह में सुधार हुआ है और इसमें बहुत सुधार की गुंजाइश है।

जीएसटी से जुड़े निर्णय यद्यपि जीएसटी परिषद लेती है लेकिन अगली केंद्र सरकार चाहे जिस दल या गठबंधन की हो, उसे लंबित सुधारों को गति देनी चाहिए। उसे जीएसटी 2.0 के तहत न केवल कर संग्रह बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए बल्कि समग्र अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में सुधार करना चाहिए जिससे देश में कारोबारी सुगमता बढ़े। वर्ष 2023-24 में समग्र जीएसटी संग्रह में 11.7 फीसदी का सुधार हुआ और यह 20.18 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार यह संग्रह जीडीपी का 6.86 फीसदी था। शुद्ध रिफंड की बात करें तो संग्रह जीडीपी के 6.13 फीसदी तक रहा जो पिछले वर्ष से बेहतर है। बहरहाल, राजस्व संग्रह का आकलन जीएसटी समेत सभी करों के आधार पर होना चाहिए। कर से होने वाला सामान्य सरकारी राजस्व संग्रह जीएसटी में शामिल होने के बाद 2016-17 में जीडीपी का 6.3 फीसदी रहा। वर्तमान प्रदर्शन अधिक निराश करने वाला होगा, अगर उपकर को इससे बाहर कर दिया जाए। ध्यान रहे जीएसटी के मूल डिजाइन में ऐसा ही था। उपकर इसलिए संग्रहीत किया गया ताकि राज्यों को क्रियान्वयन के पहले पांच वर्ष तक राजस्व में होने वाली कमी को पूरा किया जाए। बहरहाल, उपकर संग्रह पांच वर्ष के बाद भी जारी रहा ताकि उस कर्ज को चुकाया जा सके जो महामारी के दौरान राज्यों को की जाने वाली क्षतिपूर्ति के लिए लिया गया था। रिफंड और उपकर को हटा दें तो जीएसटी संग्रह जीडीपी के छह फीसदी के नीचे आ जाएगा। जीएसटी के कमजोर प्रदर्शन की कई वजह हैं। इनमें राजनीतिक कारणों से दरों में अपरिपक्व ढंग से कमी करना भी शामिल है। दरों की बहुलता ने कई भ्रम पैदा किए। कई मामलों में शुल्क उलट दिया गया जिससे राजस्व वर्षों तक प्रभावित हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी और अनुपालन से जुड़े मुद्दों को भी काफी हद तक हल कर दिया गया है परंतु व्यवस्था की बुनियादी कमियों को दूर नहीं कर सकते। भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 2019 में अनुमान लगाया था कि दरों में विविध समायोजन ने यह दर्शाया है कि जीएसटी की शुरूआत में जो प्रभावी औसत दर 14.4 फीसदी थी वह 11.6 फीसदी रह गई। अगली सरकार को प्राथमिकता के साथ जीएसटी परिषद को इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि वह राजस्व निरपेक्ष दर तैयार करे। इसके साथ ही दरों की स्लैब को भी तार्किक बनाने की जरूरत है। अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं को एक दर के अधीन करना चाहिए। केवल चुनिंदा अनिवार्य वस्तुओं पर कर दर कम होनी चाहिए जबकि ह्ानुकसानदेहह्व उत्पादों पर कर दर बढ़ाई जा सकती है। परिषद को पेट्रोलियम उत्पादों को भी जीएसटी के अंतर्गत लाने पर विचार करना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मीरा रोड हिंसा मामले में राज्य के महाधिवक्ता भाजपा विधायकों के कथित नफरत भरे भाषणों की करें जांच - बॉम्बे HC



**मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ को जनवरी में मीरा रोड पर हिंसा के दौरान विधायक नीतीश राणे, विधायक गीता जैन और विधायक टी राजा द्वारा दिए गए कथित नफरत भरे भाषणों की जांच करने और यह निर्धारित करने के लिए कहा कि क्या कार्रवाई की जरूरत है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए. जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की पीठ ने पिछले हफ्ते मुंबई और मीरा भयंदर के पुलिस आयुक्तों को कथित नफरत भरे भाषणों की रिकॉर्डिंग और ट्रांसक्रिप्ट की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने और अदालत को सूचित करने का निर्देश दिया था कि क्या पुलिस द्वारा स्वयं एफआईआर दर्ज की जाएगी।

सोमवार को सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि इस पर गौर करने की जरूरत है. इसमें कहा गया कि अदालत सार्वजनिक रैलियों को नहीं रोक सकती लेकिन पुलिस से अपेक्षा करती है कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्रवाई करेगी कि कानून का कोई उल्लंघन न हो। पीठ ने कहा, लेकिन अगर कानून का उल्लंघन हुआ है तो इस पर गौर करना होगा। न्यायाधीशों ने संकेत दिया कि ऐसे मामलों में भाषण देने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाना चाहिए, न कि केवल रैलियों के आयोजकों के खिलाफ।

न्यायमूर्ति डेरे ने कहा, ''मौजूदा मामले की तरह नहीं, जहां एफआईआर आयोजकों के खिलाफ है... यह भाषण देने वाले के खिलाफ होनी चाहिए और इसे तार्किक अंत तक पहुंचना होगा।''

अदालत ने एक अन्य मामले का हवाला दिया जहां उसने यह सुनिश्चित करने का वचन देने पर रैली आयोजित करने की अनुमति दी थी कि कोई कानून-व्यवस्था की स्थिति नहीं बनेगी। ''फिर भी एक एफआईआर दर्ज की गई है। हम सार्वजनिक रैलियों को नहीं रोक सकते, लेकिन अगर वे (पुलिस) उल्लंघन देखते हैं, तो कार्रवाई करनी होगी,'' जस्टिस डेरे ने कहा। हाई कोर्ट आफताब सिद्दीकी, अशफाक शेख, असगर राईन, इस्माइल खान और सज्जाद खतीब की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें राणे, जैन और राजा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। उनकी याचिका में 2022 और 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया गया था, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को संरक्षित करने के लिए नफरत फैलाने वाले भाषणों के खिलाफ स्वतः कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। उनका प्रतिनिधित्व वकील गायत्री सिंह, विजय हीरेमथ और हमजा लकड़ावाला ने किया।

## गोरेगांव और शिवड़ी इलाके में पुलिसकर्मियों के पिटाई से मचा हड़कंप...



**मुंबई:** मुंबई में इन दिनों पुलिस (पर हिंसा करने के दो मामले सामने आए हैं। ऑन-ड्यूटी पुलिस के साथ दुर्व्यवहार के बाद दो पुलिसकर्मियों की पिटाई की घटना गोरेगांव और शिवड़ी इलाके में हुई। इनमें से एक घटना में उस समय हड़कंप मच गया जब फ्क्षड मार्ग पुलिस स्टेशन में जांजेब सलीम खान नाम के शख्स ने पुलिस कि पिटाई कर खुद को घायल कर आत्महत्या करने की कोशिश की। तो वहीं गोरेगांव बांगुर नगर में गस्त के दौरानशाहबाज निजाम शेख नाम के युवक ने पुलिस हवलदार की सड़क पर पिटाई कर दी। पुलिस ने दो अलग-अलग पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत घटी घटना में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई में दो अलग-अलग जगह पुलिसकर्मियों के पिटाईसे हड़कंप मच गया है और पुलिस कर्मियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठ खड़े हुए हैं।

**शिवड़ी की घटना**

पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर 15:12 बजे 23 साल का युवक जांजेब शिवड़ी इलाके में आरएके मार्ग पुलिस स्टेशन में आया और ट्रेन में हुए मोबाइल चोरी की एफआइआर दर्ज करने को कहा, लेकिन पुलिस ने उसे वडाला रेलवे पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। जिसके बाद जांजेब ने पुलिस स्टेशन में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस हवलदार स्वप्निल कातुरे द्वारा समझाए जाने पर उसने हवलदार कि नाक पर जोरदार मुक्का मार दिया। जिसके बाद मेज पर सिर मारकर आत्महत्या का प्रयास करने लगा। सिर में चोट लगने के कारण उसे केईएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

वहीं दूसरी घटना गोरेगांव के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत हुई। शिवराम प्रभाकर बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में पुलिस कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं, बुधवार देर रात वह महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवान के साथ इलाके में गशत कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि गोरेगांव में स्नेहा बार (लिंक रोड) के सामने दो युवक आपस में झगड़ रहे थे। जिसके कारण वहां यातायात सेवाएं बाधित हो गई थी। इसलिए कांस्टेबल ने दोनों को समझा कर झगड़े में बीच-बचाव करने की कोशिश की। इसी दौरान शाबाज उर्फ आदिल नाम के युवक ने कांस्टेबल से गाली-गलौज करते पुलिस की ही पिटाई कर दी। इन दोनों ही घटनाओं में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया और आगे जांच पड़ताल कर रही है।'',

## चिकन शॉप में 4 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



**मीरा-भयंदर :** भयंदर में तनाव पैदा करने वाली एक अपमानजनक घटना में, नवघर पुलिस ने रविवार रात मीरा रोड के रामदेव पार्क इलाके में अपनी चिकन की दुकान पर चार साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक 45 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद दराज उर्फ इमरान (45) के रूप में हुई है, जो रामदेव पार्क में नगर निगम स्टेडियम के पास महाराष्ट्र चिकन और मीट की दुकान चलाता है। उसने 7 अप्रैल को अपने पड़ोसी की चार साल की बेटी के साथ यौन उत्पीड़न किया और घटना के बारे में अपने माता-पिता को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी हुई लड़की कुछ दिनों तक चुप रही लेकिन जब उसे पेट में तेज दर्द होने लगा तो आखिरकार उसने अपने पिता को आपबीती बताई। उसके पिता ने घटना के बारे में अपने एक दोस्त को बताया। यह खबर जंगल की आग की तरह फैल गई जिसके बाद भारी भीड़ इकट्ठा हो गई और आरोपी की दुकान में तोड़फोड़ की और जमकर पिटाई के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया।

आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और आईपीसी की संबंधित धाराओं और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इलाके में देर रात तक तनाव बना रहा, क्योंकि सांप्रदायिक रूप से आरोपित सैकड़ों लोग पुलिस स्टेशन के बाहर इकट्ठा होकर नारे लगा रहे थे और आरोपियों के लिए मौत की सजा की मांग कर रहे थे। ऐसा पुलिस अधिकारियों द्वारा आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के आश्वासन के बावजूद किया गया, जिसे सोमवार को अदालत में पेश करने के बाद 20 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है और गश्त तेज कर दी है और नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के संदेश को फॉरवर्ड या पोस्ट न करें जिससे जुड़वां शहरों में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है।

## पालघर में 5 लाख रुपये के तंबाकू प्रोडक्ट जब्त, व्यक्ति गिरफ्तार



**पालघर:** महाराष्ट्र के पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर पुलिस ने 5.06 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद जब्त करने के बाद 30 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने शनिवार शाम को राजमार्ग पर उमरगांव से मुंबई की ओर जा रही एक कार को संदेह के आधार पर रोक लिया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने वाहन में रखी बोरियों से विभिन्न ब्रांडों के तंबाकू उत्पादों को जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि पालघर के दहानू के रहने वाले कार सवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। महाराष्ट्र में वर्ष 2012 से गुटखा, सुगंधित तंबाकू की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लागू है।




# सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में अहम सुराग... पुलिस को मिली मोटरसाइकिल

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है. मुंबई पुलिस को उन अज्ञात लोगों की मोटरसाइकिल मिल गई है, जिन्होंने सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की थी. फोरेंसिक टीम जब्त मोटरसाइकिल की जांच कर रही है. एक गोली सलमान खान के घर के अंदर से मिली है. मुंबई की बांद्रा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ ऋक्क़ दर्ज की है. पुलिस ने क्ष्ढ की धारा 307 और आर्म्स एक्ट की धारा 3 और 25 के तहत ऋक्क़दर्ज की है. सलमान खान की सिक्योरिटी गार्ड के बयान के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है.

बता दें कि सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार सुबह मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात शख्स ने फायरिंग की थी. इसके बाद



पुलिस ने उनके घर के आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी है. जांच में पता चला कि अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग करने के बाद आरोपी वेस्टर्न एक्सप्रेसवे के रास्ते दहिसर की ओर गए थे. बताया जा रहा है कि भागते समय आरोपियों ने स्थानीय लोगों से एक्सप्रेसवे का रास्ता पूछा. आरोपी हिंदी बोल रहे थे.

पुलिस की जांच में पता चला है कि सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले आरोपियों को मुंबई की सड़कों की जानकारी नहीं थी, इसलिए पुलिस को शक है कि आरोपी दूसरे राज्य से आए हैं. पुलिस सीसीटीवी के जरिए फायरिंग करने वाले आरोपियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है. सूत्रों के मुताबिक, पुलिस अब तक 50 से ज्यादा सीसीटीवी का सत्यापन कर चुकी है. शुरूआती जांच में सीसीटीवी जांच से पता चला है कि आरोपी मुंबई सेंट्रल से आए थे.

सूत्रों के मुताबिक क्राइम ब्रांच पुलिस मुंबई सेंट्रल इलाके में पेड़ काट रही है. बताया जा रहा है कि क्राइम ब्रांच की टीम ऑटो वालों का बयान दर्ज करेगी जिससे आरोपी ने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे का रास्ता पूछा था. आरोपियों की लास्ट लोकेशन मुंबई का विलेपार्ले दिखाई दे रहा है. आरोपी फायरिंग करने के बाद महबूब स्टूडियो के रास्ते से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर गए.

# डीआरआई ने नासिक में वन्यजीव तस्कर को हिरासत में लिया

**मुंबई :** डीआरआई की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने एक वन्यजीव तस्करी गिरोह को पकड़ा, एक संचालक को हिरासत में लिया और उसके कब्जे से 781 बंगाल मॉनिटर छिपकली हेमिपेन्स और 19.6 किलोग्राम नरम मूंगा जब्त किया, जो वन्यजीवन की अनुसूची-क के तहत संरक्षित है। संरक्षण) अधिनियम, 1972, जिसे वह शनिवार को नासिक के एक आंतरिक स्थान पर अवैध रूप से बेचने का प्रयास कर रहा था। तस्करों पर छिपकली के प्रजनन अंगों को भाग्यशाली आकर्षण के रूप में व्यापार करने का संदेह है, जिससे जानवरों की क्रूर मृत्यु हो गई। इसके अतिरिक्त, जब्त किए गए नरम मूंगों का उपयोग कथित तौर पर सीमेंट उद्योगों और आभूषण बनाने में किया जाता है। डीआरआई ने बंगाल मॉनिटर लिजर्ड हेमिपेन्स और सॉफ्ट कोरल बेचने में विशेषज्ञता वाले वन्यजीव तस्करी गिरोह के बारे में खुफिया जानकारी



मिलने पर ऑपरेशन शुरू किया।

खुफिया जानकारी मिलने पर डीआरआई मुंबई के अधिकारियों की एक टीम ने तस्करों के लिए जाल बिछाया। उनके सतर्क दृष्टिकोण के बावजूद, तस्करों ने संभावित खरीदारों से संपर्क किया, जिन पर एजेंसी द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई, और नासिक के नंदगांव रेलवे स्टेशन पर मिलने की व्यवस्था की गई।

किसी भी प्राधिकारी की निगरानी से बचने का प्रयास करते हुए, संदिग्ध तस्कर ने लगभग तीन घंटे तक संभावित व्यापार के लिए लगातार स्थान बदले। अंततः, कथित तस्कर ने आंतरिक नासिक में एक आदिवासी बस्ती को चुना, जो कंटीली झाड़ियों वाले बंजर और कठोर इलाके में स्थित है। एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, इस स्थान पर चार पहिया वाहनों के लिए कोई पहुंच नहीं थी और दूर से किसी भी शत्रुतापूर्ण गतिविधियों को पहचानने में लाभ मिलता था।

सूत्रों ने कहा कि तस्कर ने चार बाइक सवार टोही गश्ती समूहों को भी नियुक्त किया जो उस क्षेत्र का सर्वेक्षण करते रहे जहां व्यापार होना था। एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि डीआरआई टीम ने 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती समारोह के मद्देनजर अपने वाहन पर नीले झंडे दिखाकर कई अन्य वाहनों के साथ मिलकर तस्कर की निगरानी से बचने का प्रयास किया, जिन पर समान रंग के झंडे लगे थे। जब तस्कर प्रतिबंधित पदार्थ के साथ पहुंचा, तो डीआरआई टीम ने उसे घेरने का प्रयास किया, लेकिन बाइक गश्ती समूह ने तस्कर को सचेत करते हुए उसे विफल कर दिया।

# बोरीवली में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक 63 वर्षीय पैदल यात्री की मौत... ड्राइवर गिरफ्तार




**मुंबईः** बोरीवली (पश्चिम) में शनिवार रात एक 63 वर्षीय पैदल यात्री को चार पहिये वाले वाहन ने कुचल दिया। बोरीवली पुलिस ने चार पहिया वाहन चालक को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (ए) के तहत मौत का कारण बनने के आरोप में गिरफ्तार किया है। बोरीवली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़ित की पहचान बोरीवली (पश्चिम) में रॉयल कॉम्प्लेक्स के ट्यूलिप अपार्टमेंट के निवासी मुकेश शांतिलाल शाह के रूप में हुई, जो रात करीब 11:30 बजे चंदावरकर रोड पार कर रही थी जब दुर्घटना हुई। बोरीवली पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल शिवाजी महाराज, जो शनिवार की रात को प्रस्थान पर थे, को पुलिस नियंत्रण कक्ष से एक फोन आया जिसमें उन्हें चंदावरकर रोड पर एक दुर्घटना के बारे में बताया गया था। मकबरे पर पहुंचने पर, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क पार करते समय एक चार पहिया वाहनों ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिसके बाद पीड़ित को एपेक्स अस्पताल ले जाया गया था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक कथित 20 कार नॉर्दन कैरिजवे पर रैपिड से जा रही थी जब उन्होंने शाह को टक्कर मार दी, जो अपने दोस्तों के साथ रात का खाना खाने के बाद एक होटल से निकल रहे थे। कार की टक्कर लगने के बाद शाह रोड पर गिर गए और उनके सिर पर चोट लग गई जिसके बाद कार ने उन्हें कुचल दिया। मशीन पर मौजूद सामान और शाह के दोस्तों ने ड्राइवर को रोक लिया। 37 वर्षीय ब्लूटूथ धनराज सोनी के रूप में पहचाने जाने वाले ड्राइवर ने शाह को अस्पताल में भर्ती कराया। एपेक्स अस्पताल पहुंचे पुलिस अधिकारियों को बताया गया कि शाह को करुणा अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वकील ने कहा, ''करुणा अस्पताल के वकीलों ने हमें बताया कि शाह को वहां पर मृत घोषित कर दिया गया था।'' पावर ने कहा, ''मैंने सोनी को अस्पताल परिसर से गिरफ्तार किया और पुलिस स्टेशन ले गए।'' पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने शाह के रिश्तेदारों को दुर्घटना के बारे में सूचित किया और सोनी को गिरफ्तार कर लिया। बोरीवली पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हम शाह की मौत का कारण जानने के लिए उनकी लाश और सोनी के रक्त परीक्षण की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, ताकि यह पता चल सके कि वह शराब के नशे में गाड़ी क्यों चला रहे थे।

# गामदेवी पुलिस ने 5.29 लाख टास्क धोखाधड़ी मामले में संदिग्ध को पुणे से किया गिरफ्तार

**मुंबईः** गामदेवी पुलिस ने एक यूट्यूब चैनल की सदस्यता लेने और एक वीडियो को पसंद करने का काम सौंपकर एक व्यक्ति से 5.29 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के घोटाले के सिलसिले में पुणे से एक संदिग्ध को पकड़ा। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, शिकायतकर्ता अनिकेश जैन, उम्र 35 वर्ष, ब्रिज कैंडी में रहता है और कार्यरत है। जैन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कहा गया कि उन्हें व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से सूचित किया गया था कि उन्हें एक यूट्यूब चैनल की सदस्यता लेने और उसके वीडियो को पसंद करने के लिए भुगतान किया जाएगा।

सबसे पहले, जैन को YouTube लिंक पसंद करने के लिए 150 रुपये



मिले। बाद में, जैन एक टेलीग्राम समूह में शामिल हो गए जहां उन्हें बताया गया कि कार्य पूरा करना शेयरों में निवेश करने के समान है, जिसमें 15 मिनट के भीतर निवेश की गई राशि पर 30 प्रतिशत रिटर्न अर्जित करने की क्षमता है। जैन ने नवंबर से दिसंबर तक कुल 5.29 लाख रुपये का निवेश करके यह काम लिया और इसमें उन्हें घाटा हुआ. इसके बाद दिव्या सिंह नाम की लड़की ने जैन को फोन किया और कहा कि अगर आप अपना नुकसान कवर करना चाहते हैं तो अपने बैंक खाते में आए पैसे को मेरे बताए खाते में ट्रांसफर कर दीजिए। दिव्या ने जैन से कहा कि उसे इस पर 10 प्रतिशत कमीशन मिलेगा। पैसे ट्रांसफर करना.

इसके बाद जैन को एक बैंक खाते में 7.22 लाख रुपये और दूसरे बैंक खाते में 9.990 लाख रुपये मिले, जिसे जैन ने सिंह द्वारा बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। सिंह ने जैन से कहा कि पैसे ट्रांसफर करने पर उसे कमीशन के तौर पर 1.60 लाख रुपये मिलेंगे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि जैन ने पैसे ट्रांसफर किए लेकिन उन्हें अपना कमीशन नहीं मिला। तब जैन को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है।

# पुणे में एक छात्र को टीचर ने किताब से बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल

**पुणे :** शिक्षा के केंद्र पुणे से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। ये घटना एक महीने पहले की है. लेकिन उनका ये वीडियो अब वायरल हो गया है. एक शिक्षक ने एक छात्र की जमकर पिटाई कर दी. यह पिटाई लाथाबुकी ने की है. ये पिटाई क्लासरूम में दंगा होते देख की गई है. उधर, इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है. यह घटना पुणे के एक मशहूर स्कूल में घटी है. इस संबंध में बच्चे के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि जिस स्कूल में मेरा बेटा पढ़ रहा था, वहां के एक शिक्षक छुट्टी पर थे. उस टीचर की जगह पूजा केदारी क्लास में आई। उस समय कुछ बच्चे चाय का कप लेकर बैठे थे।जब अध्यापक आये तो सभी बच्चे बैठ गये।

# साइबर सेल ने एक फि शिंग घोटाले से 82.55 लाख की वसूली की...

**मुंबई :** हाल ही में एक साइबर क्राइम की घटना में, एक स्कूल की त्वरित रिपोर्टिंग और सेंट्रल साइबर सेल की प्रतिक्रिया ने एक फि शिंग घोटाले से 82.55 लाख की वसूली की। स्कूल को एक ईमेल द्वारा गुमराह किया गया था, जिसमें धन को बैंक खाते में भेजने के लिए कहा गया था।

यह घटना मुंबई के एक स्कूल में हुई। स्कूल ने एक कैफेटेरिया बनाने के लिए यूरोफोन ध्वनिकी नामक एक यूएई-आधारित कंपनी का अनुबंध




किया था। स्कूल 23 फरवरी से 16 मार्च के बीच कंपनी के साथ संचार में था। अनुबंध 1.74 करोड़ का था। उस दौरान, धोखेबाजों ने एक मानव-मध्य हमले को अंजाम दिया, जो अपने खाते में स्कूल के भुगतान को हटाने के लिए संचार को बाधित करता है। यह घोटाला तब शुरू हुआ जब स्कूल को धोखेबाजों से एक ईमेल मिला, जो कंपनी होने का नाटक कर रहे थे। कंपनी ने फर्म के खाते के विवरण के साथ एक मूल ईमेल भेजा था। हालांकि, धोखेबाजों ने इसकी एक प्रति बनाई और स्कूल को एक नकली ईमेल और बैंक विवरण भेजा। उन्होंने स्कूल को संयुक्त राज्य अमेरिका में एक वेल्स फार्गो बैंक खाते में INR 87.26 लाख INR को स्थानांतरित करने के लिए मना लिया। फिर, स्कूल ने 1 मार्च को उस खाते में पैसे भेजे। बाद में, स्कूल को कंपनी से संपर्क करने के बाद धोखाधड़ी का एहसास हुआ। कंपनी ने उन्हें सूचित किया कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। स्कूल ने जल्दी से पुलिस और उनके बैंक को धोखाधड़ी के बारे में सूचित किया।




# कोस्टल रोड को वर्ली-बांद्रा सी लिंक के साथ जोड़ेगी बीएमसी



**मुंबई :** मुंबई की यात्रा को तेज करने के लिए पहले चरण में कोस्टल रोड यात्रियों के लिए खोला गया है। अब कोस्टल रोडबांद्रा-वर्ली सी लिंक से जुड़ जाएगा। इसके कारण, मुंबई की यात्रा आसान और तेज होने वाली है। मुंबई म्युनिसिपल कॉरपोरेशन कोस्टल रोड 16 अप्रैल या 17 अप्रैल को 120 मीटर तक बांद्रा वर्ली सी लिंक के साथ लॉन्च किए जाने की संभावना है। इसके कारण, बांद्रा-वुरली सी लिंक सी लिंक तटीय सड़क परियोजना के उत्तरी हिस्से से जुड़ा होगा। कोस्टस रोड के उप मुख्य अभियंता एम.एम. स्वामी के अनुसार, पुल के निर्माण के लिए 46 मीटर, 44 मीटर और 60 मीटर के तीन गर्डर्स पहले ही लॉन्च किए जा चुके हैं। 12 अप्रैल को, 120 मीटर की नाव के आर्क को नाहवा गांव के जेट्टी में बजरा में लोड किया जाएगा। यह लगभग 15-16 तक वर्ली तक पहुंच जाएगा। मौसम की स्थिति के अनुसार, गर्डर 16 या 17 अप्रैल को लॉन्च किया जाएगा।

कोस्टल रोड और दक्षिणी सागर लिंक और उत्तरी साइड आर्क के वर्ली छोर की दूरी को भरने के लिए आठ गर्डर्स शुरू किए गए हैं। कोस्टल रोड और सी लिंक के बीच की दूरी 850 मीटर चौड़ी और 270 मीटर चौड़ी है और पुल के लिए उपयोग की जाने वाली धातु स्टील होगी।

पुल के कुल गर्डर्स में से चार पहले ही लॉन्च हो चुके हैं। इसलिए, दो गर्डर बाथ शवा पोर्ट पर तैयार हैं और अप्रैल में लॉन्च किए जाएंगे। देश में देश में सबसे बड़ा गर्डर स्थापित किया जाएगा, जिसका वजन बांद्रा वर्ली सागर लिंक को जोड़ने के लिए ढाई हजार टन है। इसके कारण, 120 मीटर की दूरी जोड़ी जाएगी। सी-लिंक को वर्ली में तटीय रोड पर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# यह बीजेपी का 'जुमलेबाज' घोषणापत्र है - नाना पटोले

**मुंबईः** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आरोप-प्रत्यारोप का खेल जारी है. इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र पर तंज कसा है. उन्होंने इस घोषणापत्र को 'जुमलेबाज' करार देते हुए केंद्र की बीजेपी सरकार पर हमला बोला है. इसके साथ ही नाना पटोले ने उद्योगपति अडाणी को भी कठघरे में खड़ा किया.



बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र पर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, '''यह बीजेपी का 'जुमलेबाज' घोषणापत्र है. अगर आप बीजेपी का 2014 और 2019 का घोषणापत्र निकाल लें तो कोई अंतर नहीं है.''

## नाना पटोले का बीजेपी घोषणापत्र पर तंज

**महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने आगे कहा, ''लोगों ने एक बार नहीं दो-दो बार नरेंद्र मोदी को सत्ता दी है. लेकिन बीजेपी की सरकार ने देश के उद्योगपतियों के लिए सत्ता का इस्तेमाल किया. अडाणी इसका मुख्य सूत्रधार रहे. सरकार बीजेपी की थी, नरेंद्र मोदी की थी या अडाणी की थी. यही समझ नहीं सके. गृहमंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि ये जुमला है. तो बीजेपी ने फिर से जुमलेबाज मैनिफेस्टो दिया है. इस पर कोई भरोसा नहीं करने वाला है.''**

मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग को लेकर भी कांग्रेस नेता नाना पटोले ने प्रतिक्रिया दी है. नाना पटोले ने कहा, ''महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था खराब हो गई है, यह कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी घटनाएं होती रहती हैं.''

## बीजेपी का घोषणापत्र जारी...

**बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार (14 अप्रैल) को बीजेपी का घोषणापत्र जारी कर दिया, जिसमें गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं पर खास ध्यान दिया गया है. संकल्प पत्र जारी करते समय पीएम मोदी ने कहा, 'पिछले 10 सालों में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र के हर पहलू को एक गारंटी के तौर पर लागू किया है. पीएम ने एक बार फिर से भरोसा दिलाया कि 4 जून को नतीजों के ऐलान के बाद तुरंत ही घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम शुरू कर दिया जाएगा.**

# पानी की किल्लत... 16 सरकारी टैंकरों में से 12 ड्राइवर उपलब्ध नहीं

**मुंबईः** महाराष्ट्र के सोलापुर में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है. यहां का तापमान 42 से 43 डिग्री के बीच पहुंच गया है और ऐसे में सोलापुर को पानी देने वाले उजनी बांध का जलस्तर माइनस में पहुंच गया है. बांध में जलस्तर शून्य से भी 36 प्रतिशत नीचे है. रिजर्व किया गया पानी लोगों तक 15 दिन के अंतराल में पहुंच रहा है. सोलापुर जिले के 5 तहसील में सूखा ग्रस्त घोषित कर दिया गया है. बार्शी, मालशिरस, सांगोला, करमाला और माढा को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया है.

जिले में मौजूद 16 सरकारी टैंकरों में से 12 टैंकरों के पास ड्राइवर उपलब्ध नहीं हैं और




लोगों को फरवरी से ही पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है. हालात ऐसे हैं कि बच्चे पानी के लिए इस कदर तरस रहे हैं कि वो स्कूल भी नहीं जा रहे हैं और पानी आने का इंतजार कर रहे हैं. लोगों को निजी संस्थानों के टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है. ऐसे में क्षेत्र में दिन पर दिन टैंकरों की मांग बढ़ती जा रही है.

दरअसल, एनडीटीवी की चुनावी यात्रा महाराष्ट्र के सोलापुर पहुंच गई है. यहां का तापमान 42 से 43 डिग्री पहुंचा हुआ है. बता दें कि सोलापुत कर्नाटक की सीमा के करीब स्थित है और जिले की 5 तहसील में सूखा घोषित कर दिया गया है.

# दादर स्थित एक होटल में वेश्यावृत्ति रैकेट चलाने के आरोप में 36 वर्षीय महिला गिरफ्तार, 6 को बचाया गया

**मुंबईः** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने शनिवार को दादर स्थित एक होटल में जाल बिछाकर 36 वर्षीय एक कथित दलाल महिला को गिरफ्तार किया है। दो फर्जी ग्राहकों के साथ, पुलिस ने उसे लालच दिया, जिसके बाद उसने रुपये के लिए छह महिलाओं की व्यवस्था की। 5,000 प्रत्येक. कथित दलाल, जिसकी पहचान सुवर्णा पगारे के रूप में हुई है, मूल रूप से रायगढ़ जिले के कर्जत की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार, पगारे पहले स्वतंत्र रूप से काम करता था, वेश्यावृत्ति के लिए पुरुष ग्राहकों को महिलाओं की 'आपूर्ति' करता था। बाद में, उसने कथित तौर पर दो और महिलाओं से हाथ मिला लिया, जिनका फिलहाल पुलिस पता लगा रही है।

मामला पहली बार तब सामने आया जब अपराध शाखा के तहत सामाजिक सेवा शाखा की पुलिस निरीक्षक अनीता कदम को पगारे के



अवैध कारोबार के बारे में सूचना मिली, जो मुख्य रूप से शहर भर में संचालित है। दादर में भोईवाड़ा पुलिस के साथ मिलकर उन्होंने जल्द ही ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि डी-डे शनिवार को था जब योजना का अंतिम क्रियान्वयन किसी तरह पगारे को फंसाना था, और वह भी रंगे हाथों। दो फर्जी ग्राहक एसएस शाखा द्वारा लगाए गए थे और उनका काम पगारे से ग्राहक के रूप में संपर्क करना था, उनसे महिलाओं, उनकी उपलब्धता और कीमतों के बारे में पूछना था और जैसा कि अपेक्षित था, पगारे इसके झांसे में आ गए। उसे दादर स्थित एक रेस्तरां में बुलाया गया जहां वह छह महिलाओं के साथ पहुंची।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''फर्जी ग्राहकों ने बातचीत शुरू की, और वह जिन महिलाओं को लेकर आई थी - उसने दरें बताईं, और जैसे ही उसने पैसे स्वीकार किए (जो नकली थे), उसे फंसा लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया।'' जांच के दौरान, दो और नाम सामने आए - दोनों महिलाएं - जिन्होंने वेश्यावृत्ति के लिए अवैध तस्करी में अपना नाम कमाया। इन महिलाओं की कार्यप्रणाली कथित तौर पर व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से 'ग्राहकों' के साथ एक सौदा करना है, उन्हें महिलाओं की तस्वीरें भेजकर उन्हें 'चुनने' के लिए कहना, उनकी दरें बताना और फिर महिलाओं को वांछित स्थान पर भेजना है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''फर्जी ग्राहकों ने बातचीत शुरू की, और वह जिन महिलाओं को लेकर आई थी - उसने दरें बताईं, और जैसे ही उसने पैसे स्वीकार किए (जो नकली थे), उसे फंसा लिया गया और गिरफ्तार कर लिया गया।'' जांच के दौरान, दो और नाम सामने आए - दोनों महिलाएं - जिन्होंने वेश्यावृत्ति के लिए अवैध तस्करी में अपना नाम कमाया। इन महिलाओं की कार्यप्रणाली कथित तौर पर व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से 'ग्राहकों' के साथ एक सौदा करना है, उन्हें महिलाओं की तस्वीरें भेजकर उन्हें 'चुनने' के लिए कहना, उनकी दरें बताना और फिर महिलाओं को वांछित स्थान पर भेजना है।

# महायुति के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर अब भी 9 सीटों पर फंसा पेच

**महाराष्ट्र :** लोकसभा चुनाव शुरू होने में चार दिन बाकी हैं। महाराष्ट्र में पांच चरणों में वोटिंग होनी है।अब तक महायुति में सीट बंटवारा फाइनल नहीं हो पाया है। अजित पवार गुट की एनसीपी, बीजेपी और एकनाथ शिंदे गुट वाली शिवसेना के बीच खींचतान जारी है। तीनों दलों वाला महायुति गठबंधन महाराष्ट्र की 48 सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ रहा है लेकिन रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, सतारा, औरंगाबाद, नासिक, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर मध्य 9 सीटें ऐसी हैं जहां बात नहीं बन पा रही है। टिकट के इच्छुक उम्मीदवारों से लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच असमंजस की स्थिति बन गई है। रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और सतारा में 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होगा जबकि औरंगाबाद



में 13 मई को चौथे चरण का मतदान होगा। बाकी 20 मई को पांचवें चरण में मतदान करेंगे।

इधर शिवसेना में टिकट पाने की उम्मीद कर रहे नेताओं ने खुद के नामांकन को लेकर जारी अनिश्चितता के बावजूद अपना अभियान शुरू कर दिया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में अविभाजित शिवसेना ने इनमें से 6 सीट जीती थीं। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि अब इन सीट पर मुख्य रूप से बीजेपी की नजर है। महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन ने मुंबई उत्तर-मध्य के लिए उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com